Satya ka Avahan

सत्य का आवाहन

Invoking the Divine

Year 11 Issue 6 November–December 2022
Membership Postage: Rs. 100



Sannyasa Peeth, Munger, Bihar, India

Hari Om

Satya Loka Avahan is a bilingual and bi-monthly magazine compiled, composed and published by the sannyasin disciples of Sri Swami Satyananda Saraswati for the benefit of all people who seek health, happiness and enlightenment. It contains the teachings of Sri Swami Sivananda, Sri Swami Satyananda, Swami Niranjanananda and Swami Satyasangananda, along with the programs of Sannyasa Peeth.

Editor: Swami Gyansiddhi Saraswati

Assistant Editor: Swami Shivadhyanam Saraswati

Published by Sannyasa Peeth, c/o Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.

Printed at Thomson Press India (Ltd), Haryana

© Sannyasa Peeth 2022

Useful Resources

Websites:

www.sannyasapeeth.net
www.biharyoga.net
www.satyamyogaprasad.net

Apps:
(for Android and iOS devices)

Bihar Yoga
APMB
YOGA (English magazine)
YOGAVIDYA (Hindi magazine)
FFH (For Frontline Heroes)

Front cover and plates:
Sri Swami Satyananda Saraswati

SATYAM SPEAKS – सत्यम् वाणी

People do not have to be told how to develop their feelings. They only have to be taught how to direct their feelings. Only the channelling of feeling is required. Bhakti is absolutely natural for everyone. All one has to do is just change the direction of the flow. The same feeling which was running towards jealousy, anger, greed and passion has to be redirected, and then it becomes bhakti.

—Swami Satyananda Saraswati

लोगों को यह समझाने की जरूरत नहीं कि वे अपनी भावनाएँ कैसे विकसित करें, बल्कि उन्हें यह सिखाना है कि वे उन्हें कैसे दिशान्तरित करें। भक्ति सबके लिए एकदम स्वाभाविक है, केवल भावना के प्रवाह की दिशा बदलनी है। वही भावना जो काम, क्रोध, लोभ और ईर्ष्या की ओर बह रही थी, उसे दिशान्तरित कर देना है और तब वह भक्ति बन जाती है।

—स्वामी सत्यानन्द सरस्वती

Published and printed by Swami Kaivalyananda Saraswati on behalf of Sannyasa Peeth, Paduka Darshan, PO Ganga Darshan, Fort, Munger – 811201, Bihar.
Printed at Thomson Press India (Ltd), 18/35 Milestone, Delhi Mathura Rd., Faridabad, Haryana.
Owned by Sannyasa Peeth **Editor**: Swami Gyansiddhi Saraswati

Satya ka Avahan
Invoking the Divine

सत्य का आवाहन

Year 11 Issue 6 • November–December 2022

न तु अहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम्। कामये दुःखतप्तानां प्राणिनां आर्त्तिनाशनम्॥

"I do not desire a kingdom or heaven or even liberation. My only desire is to alleviate the misery and affliction of others."

—Rantideva



Contents

3 Sannyasa
5 संन्यास का वास्तविक अर्थ
11 Aspirations
13 The Inner Recess
16 Exhausting Samskaras
20 संन्यास और वैराग्य
26 Goal of a Sannyasi
29 Nyasa
32 Grihastha and Sannyasa
35 Detachment
36 A Philosophy
38 Independence
39 संन्यास प्रशिक्षार्थियों से
44 Sankranti at Sannyasa Peeth
48 संन्यासाभिलाषी से

When sannyasa blooms
And knowledge dawns
And power unfolds,
It sanctifies history and posterity.

One single sannyasin
Can be the creator of an epoch,
A seer of intuition
And a mastermind of traditions.
Keeping this ablaze in your mind
Step into sannyasa.

—*Swami Satyananda Saraswati*

Sannyasa

Swami Satyananda Saraswati

What does the path of sannyasa have to offer the people of today?

Today many people are wondering how they can raise their level of consciousness so that this cosmic union becomes a reality in their own lives. To do this we have to ask ourselves, 'What is our real purpose in life? What is our basic need? Do we need more sensual pleasures or do we need to find a higher, simpler, more rewarding way of life?' Of course, there are different types of people. Some are completely sensual and are drawn to the world in order to fulfil innumerable desires and ambitions. Others are more moderate and live a balanced life, being able to integrate their inner feelings and perceptions with external sensual experiences. Then there are those whose sensual desires are marginal. Having exhausted their worldly ambitions, they are more drawn to spiritual life.

For those who basically seek a higher mode of existence, the path of sannyasa offers the most direct route to real inner fulfilment. Even for those who are moderately and totally sensual, sannyasa offers a broader path into life, eventually culminating in the highest experience of liberation and attunement with the whole cosmos.

Most of us have many desires and ambitions. These in themselves are not bad, but when we make their fulfilment our sole purpose in life, we lose our divine direction. It is at this very point that life becomes a cursory existence full of frustration, dissatisfaction and unhappiness. People who are always looking outside of themselves for pleasure and contentment never find it. This is why nobody is satisfied. Everywhere you go you find that the husband is tired of his wife, the wife is unhappy with her husband. Parents are fed up with the children, children won't listen to their parents.

Nobody is happy with their work, unions are on strike, students hate school, women no longer want to remain in the home. There is never enough money to pay all the bills, the house is too small, the car is too old, the clothes unfashionable. Even on the national level people are never satisfied with the political leaders and government schemes, taxation is too high and government funds are being wasted.

Nowhere is it possible to find any satisfaction, any peace in this world. Therefore, we must make our own peace, our own higher, simpler and satisfying life. Sannyasa is one way. It is not necessary to be an ascetic to renounce the narrow confines of personal life and take up the broad path which encompasses all humanity. Sannyasa is not only for those who have exhausted their desires; it is the key to a fuller life. It is the universal path on which we are able to fulfil our basic need to expand our experience and awareness of life by working in the world for the evolution of all beings. In fact, this is the only true path to peace and satisfaction, especially for young people who are the most restless and dissatisfied of all. The time is not far off when we will see thousands of young people fulfilling their frustrated dreams through sannyasa.

संन्यास का वास्तविक अर्थ

संन्यास के बारे में हमारे देश में सामान्य विचारधारा यही रही है कि संन्यासी समाज-मुक्त होता है, सामाजिक नियम उस पर लागू नहीं होते। जहाँ रहे, जैसे रहे, संन्यासी के सामने सारे रास्ते खुले रहते हैं। वह जिस योग्य है, उसी प्रकार का योग करे। मगर यह विचारधारा पूरी तरह सही नहीं है। संन्यासी का प्रमुख कर्त्तव्य अपने लिये नहीं, दूसरों के लिये जीना होता है। जिस दिन तुम संन्यास लेते हो, उसी दिन तुम्हें मन में एक संकल्प करना पड़ता है, 'आज से मैं अपने लिये उतना ही जियूँगा जितना जरूरी है। बाकी मेरी बुद्धि, मेरा दिमाग, मेरा शरीर, मेरा पैसा, मेरी अक्ल, मेरी चतुराई, मेरी उपलब्धियाँ, मेरी योग्यताएँ – सब दूसरों के लिये हैं, मेरे लिये नहीं।'

गृहस्थ अपने लिये, अपने बीवी-बच्चों के लिये, अपने भाई-भतीजों के लिये संकल्प करता है, उसकी सारी शक्ति उसमें लग जाती है, लेकिन संन्यासी अपने लिये उतना ही रखता है जितनी जरूरत है, बाकी सभी चीजें दूसरों के लिये करता है। अगर उसके पास दो लाख रुपये आ जाएँ तो उसमें से पाँच हजार अपने लिये खर्चा करेगा और एक लाख पंचानवे हजार दूसरों के लिये।

संन्यासी के जीवन में सबसे बड़ा हिस्सा दूसरों का होना चाहिए। ऐसी भावना आने से पहले संन्यास नहीं लेना चाहिये। अगर तुम सोचो कि संन्यास लेकर हम कुछ बनें तो वह गलत भाव है। अगर तुम चाहो कि गुरु बनें, बड़ा-सा आश्रम हो, लोग हाथी की सूँड जितनी मोटी-मोटी मालाएँ गले में डालें, पैर धोवें, चरणामृत पियें तो फिर संन्यास न ही लो तो बेहतर है। संन्यासी को सोचना चाहिए कि समाज की इस समय क्या जरूरत है। अभी योग की जरूरत है तो हम योग सिखायेंगे, या हम एक अस्पताल खोलेंगे जहाँ मुफ्त इलाज होगा, या हम अनाथालय खोलेंगे, जहाँ अनाथ बच्चों का पालन-पोषण होगा।

हमने ऐसा ही तो किया। हमारा मूल अध्ययन तो वेदांत का रहा। हमने आज तक योग पर कोई भी शास्त्रीय किताब नहीं पढ़ी, न अंग्रेजी में, न संस्कृत में। वेदान्त पर शंकराचार्य के सारे भाष्य, रामानुजाचार्य के सारे भाष्य, अनेकों विद्वानों के लिखे सारे भाष्य हमने संस्कृत में पढ़े हैं। हम हिन्दी या अंग्रेजी

से ज्यादा अच्छी संस्कृत बोलते हैं। हमारी मातृभाषा संस्कृत है, मगर हमने अंग्रेजी को चुना। वेदांत को छोड़ दिया, योग को चुना। क्यों? इसलिए कि हमें मालूम था बाजार में आज योग ही बिकेगा, वेदांत नहीं। सफलता के लिए बाजार के मुताबिक चीज ही बेचनी चाहिए न! गर्मी के मौसम में ऊन का कपड़ा बिकता है क्या? वेदांत आज कोई नहीं समझता। क्यों? तुम्हारे पेट में दर्द है, पीठ में दर्द है, घुटने में दर्द है, मन में अशान्ति है, दमा की बीमारी है, मधुमेह का रोग है। सब लोग शारीरिक और मानसिक रूप से रोगी हैं, और योग के पास इसका इलाज है।

समाज की आवश्यकता

सन् 1968 में मैंने पहली बार दुनिया का भ्रमण किया। पाँच महीने मैंने सब जगह का सर्वेक्षण किया, पता लगाया कि दुनिया में कौन-सा माल बिकेगा, जिसे अंग्रेजी में मार्केटिंग रिसर्च कहते हैं। मेरा पहला पड़ाव था सिंगापुर।

वहाँ मैंने कोई निर्णय नहीं लिया। दूसरा पड़ाव था ऑस्ट्रेलिया, वहाँ निर्णय ले लिया – हठ योग। आसन-प्राणायाम, बस यही दो चीज। उसके बाद अमेरिका पहुँचते-पहुँचते मेरा निर्णय पक्का हो गया। योग के अलावा कुछ मत बोलो। धर्म की बात मत बोलो, वेदांत की बात मत बोलो, ब्रह्म-आत्मन् की बात मत बोलो, केवल आसन-प्राणायाम पर बोलो, नेति-धौति-बस्ती के बारे में बोलो। यह सब तो हमने कभी सीखा नहीं था, पर फिर भी सिखाना शुरू कर दिया। बोलते-बोलते वाणी खुल गई, सरस्वती मुख में आ गई, योग पर जो बोला आज उसे लोग प्रामाणिक और आधिकारिक मानते हैं।

संन्यास लेने के बाद हर संन्यासी को इसी तरह से सोचना पड़ेगा, संकल्प लेना पड़ेगा कि मैं क्या करूँ। तब उसे पता चलेगा कि इक्कीसवीं शताब्दी में मानव समाज को किन चीजों की जरूरत है। सन् 1968 में मैंने जब मार्केटिंग रिसर्च किया, तब आसन-प्राणायाम का पता चला। सत्तर के दशक में जब मैं बाहर जाता तो देखता कि बाजार बदल रहा है। लोग ध्यान, कुण्डलिनी, इड़ा, पिंगला, सुषुम्ना, चक्र आदि के बारे में जानना चाह रहे हैं। मैंने इन विषयों पर बोलना शुरू कर दिया। उसके बाद जब देखा कि लोग तंत्र पर पूछने लगे हैं तो तंत्र पर चर्चा शुरू की।

दुनिया एक बाजार है और उस बाजार के मुताबिक माल रखना चाहिए। इक्कीसवीं शताब्दी में भी आसन-प्राणायाम ही चलेगा क्या? या फिर लोग तुमसे तंत्र के बारे में पूछेंगे, कुण्डलिनी के बारे में पूछेंगे? हो सकता है वेदांत पर ही पूछने लगें कि आत्मा क्या है, ब्रह्म क्या है? तब क्या करोगे? क्या यही कहोगे कि हमें तो गुरुजी ने आसन-प्राणायाम सिखाया है, वही सिखायेंगे। तब तो कहीं झोपड़ी बनाकर वहीं बैठे रहो!

समाज को वही चीज दो, जिसकी उसे जरूरत है। सन् 1956 में हमने पूरे गुजरात का भ्रमण किया। पाटन, भावनगर, राजकोट, अहमदाबाद, पोरबन्दर, सब जगह गए। मगर उन दिनों हम योग नहीं सिखाते थे, नेत्र शिविर लगाते थे। हजारों का मुफ्त ऑपरेशन करते थे। हमको पैसा इकट्ठा करने की कला तो है ही, वहाँ जाकर खूब पैसा इकट्ठा करते थे, फिर जगह-जगह नेत्र शिविर लगाते थे, सेमिनार आयोजित करते थे, वेदांत पर प्रवचन करते थे। यह मुंगेर आश्रम से पहले की बात है। हम ऋषिकेश से अपने गुरुजी की ओर से जाते थे और एक डॉक्टर अध्वर्यु के साथ नेत्र शिविरों में मोतियाबिन्द का ऑपरेशन करते थे।

सर्वश्रेष्ठ मार्ग – परमार्थ

जैसे-जैसे दुनिया में इन्सान के ऐशो-आराम और भोग की चीजें बढ़ती जा रही हैं, वैसे-वैसे लोगों के मन में योग के प्रति जिज्ञासा और इच्छा भी होती जा रही है। आज लोगों के मन में बहुत अशान्ति है। योग में जरा-सी भी रुचि न होने के बावजूद हमने अपने गुरु के कहने पर योग का प्रचार किया। हमारे गुरुजी ने कहा, तुम विलक्षण प्रतिभा के धनी हो, जाओ, समाज में योग का संदेश फैलाओ। उनके कहने से ही हमने यह बीड़ा उठाया। हमें दूसरों के लिये काम करना हमेशा से अच्छा लगा, किसी को खाना खिलाना, किसी की शादी करा देना, किसी को दवाई दे देना, यह हमारा स्वभाव है। ऋषिकेश में भी हम यही करते थे। वहाँ हमने टेहरी सरकार से जमीन लेकर कोढ़ियों के लिए डेढ-दो सौ झोपड़ियाँ बना दीं, उनके खाने-पीने और दवाई का पूरा इन्तजाम कर दिया। हम वहाँ यही सब किया करते थे।

हमें ऐसा लगता है कि मनुष्य का सबसे बड़ा कर्त्तव्य है परमार्थ। केवल डरपोक आदमी स्वार्थ में रहता है। ऐसा व्यक्ति सिर्फ अपने बारे में सोचता है, पता नहीं मर तो नहीं जाऊँगा, बुढ़ापे में मुझे कौन देखेगा, कहीं अंधा न हो जाऊँ, मेरा बेटा तो होना ही चाहिये। लेकिन निर्भय आदमी स्वार्थ नहीं देखता, वह सोचता है कि मैं दूसरों के लिये काम आऊँगा। ज्यादा-से-ज्यादा क्या होगा, अंधा हो जाऊँगा, मर जाऊँगा, मरना तो सबको है, थोड़ा आगे या पीछे, क्या फर्क पड़ता है।

परमार्थ का काम हमें पहले से ही अच्छा लगता था। जब से यहाँ आये हैं, हमारे दिमाग में यही चिंतन चलता रहता है, किसको गाय देनी है, किसको ठेला देना है, किसको रिक्शा देना है, किसको दवाई देनी है, किसके घर में गरीबी है। यह सब कैसे मालूम पड़े, हम तो बाहर जाते नहीं। पर हमारे दिमाग में यही चीज रहती है कि कैसे पता करें कि कौन दुःखी है, कैसे पता करें कि हम क्या मदद कर सकते हैं। अगर हमें पता चले कि यह परिवार भूख से पीड़ित है तो हम जरूर कुछ-न-कुछ मदद करेंगे।

मनुष्य जीवन का सबसे पहला कर्तव्य है दूसरे के काम आना। योग, वेदान्त, धर्म, मुझे आज कुछ भी पसंद नहीं, सब फालतू लगता है। मनुष्य जब तक दूसरे के काम न आवे, सारा धर्म बेकार है, सारा योग बेकार है। मैंने योग सिखाया क्योंकि मेरे गुरु ने आदेश दिया था। मैंने मुंगेर का आश्रम अपने लिये नहीं बनाया, और मुंगेर जैसे तो हमारे पचासों आश्रम हैं। दक्षिण



अमेरिका में एक आश्रम से दूसरे आश्रम गाड़ी से नहीं, हेलिकॉप्टर से यात्रा करते थे। इतने दूर-दूर तक फैले हुए थे। मगर मुझे इन चीजों में जरा भी रुचि नहीं थी, केवल गुरु के कहने से किया। मेरी एक ही रुचि है, 'भगवान! किसी तरह से मुझे बतलाओ कि किसकी क्या मदद कर सकूँ। किस लड़की को मैं साड़ी दे सकूँ, किस लड़के को पढ़ाई के लिये पैसा दे सकूँ, किस गरीब के लिये मैं घर बना सकूँ?'

मनुष्य जब मनुष्य के काम आए तभी वह मनुष्य है, अन्यथा वह निरा पशु है। चाहे तुम साधु हो या गृहस्थ, धनी हो या गरीब, जो पैसा तुम्हारे पास है वह न तुम्हारा है न तुम्हारे बाप का, वह जनता का है। समाज ने तुम्हें कपड़ा दिया है, भोजन दिया है, सुरक्षा दी है, सब कुछ दिया है, लेकिन तुमने समाज को क्या लौटाया?

आज यही मेरा दर्शन है। गुरुजी ने मुझे योग प्रचार का जो आदेश दिया था उसे सन् 1983 में पूरा करके उद्यापन कर दिया। अब मैं न उपदेश देता हूँ, न योग सिखाता हूँ। योग मेरा सम्प्रदाय नहीं है। वेदांत भी मेरा सम्प्रदाय नहीं है और धर्म भी मेरा सम्प्रदाय नहीं है। मैं एक ही चीज में यकीन करता हूँ। जब तक मैं जीवित रहूँ, मेरा शरीर, मेरा मन, मेरा धन किसी के काम आता रहे, किसी को कुछ फायदा होता रहे। नदी हमेशा देती है, हवा भी हमेशा देती है,

भगवान भी तो हमेशा देते ही हैं। ये सब परमार्थी हैं। इनकी तरह जो दूसरों के काम आवे, वही सच्चा मनुष्य है।

तरुवर फल नहीं खात है, नदी न संचै नीर।
परमारथ के कारने साधुन धरा सरीर॥

हर एक व्यक्ति को मरने के पहले अपना कमाया हुआ पैसा दूसरों के काम में लगा देना चाहिये, बच्चों के लिये कुछ नहीं छोड़ना चाहिये, नहीं तो बच्चे कमजोर हो जाते हैं। आप लोग शायद सहमत न हों क्योंकि आपकी सोच दूसरी है। जीवनभर तो आप यही सोचते आए हैं कि अपने बाल-बच्चों का भला कैसे करें, मगर अब यह सोचिये कि दूसरों का भला आप कैसे कर सकते हैं। जिस दिन आप सब दूसरों के लिये सोचना शुरू करेंगे, आपका समाज रातों-रात बदल जाएगा। यह सच है। वह मनुष्य कैसा जो दूसरों के लिये न जिये? संन्यासी का चिन्तन परमार्थ-प्रधान होना चाहिए, स्वार्थ-प्रधान नहीं। अगर संन्यासी ही स्वार्थी हो जाए तब तो हरिः ॐ तत्सत्, दुनिया गई चूल्हे में। ■



Aspirations

Swami Satyananda Saraswati

One who aspires is an aspirant. If you are aspiring for sannyasa you are an aspirant. If you are aspiring to have the experience of the divine, you are an aspirant. If you are aspiring to be a *chela*, disciple, you are an aspirant. Every form of evolved thinking is an aspiration. The aspiration for sannyasa is a very high quality of aspiration. To practise sannyasa while you are a householder is the highest quality of aspiration. When you are involved with the matters of discharging your responsibilities and obligations, and trying to understand your place and relation to the events of life and to react positively to every experience of life, you are a higher quality of aspirant.

Sannyasa is a very difficult aspiration because it is hard to extricate useless items of life. The different desires which you manifest are not original and natural, they are imposed on you by virtue of your social training and therefore when you are aspiring for sannyasa, you have to realize what is essential and what is not. It is not only with reference to the objects outside. It is something to do with your inner awareness. Though sannyasa has much to do with the external systems of life, it is not the total definition of sannyasa.

Sannyasa is a type of awareness. Some are born with that awareness, and others do not have it, and therefore this kind of sannyasa is an aspiration. When you have a guru and you consider yourself a disciple, you follow his spiritual instructions for your spiritual illumination. You are solely guided by his spiritual instructions. That is your discipleship. However, as you go through the pavements of life from moment to moment and feel that you have been wasting a lot of mental, material and emotional material uselessly, at that time you begin to think that it is very important for you to unite with your inner self.



Again and again you try to withdraw yourself from material consciousness to spiritual consciousness. Again and again you withdraw your mind from oscillating from one point to the next. Again and again, you try to make your mind more and more tranquil and peaceful, and still you have excitements, emotions and stimulations. If you are unable to do that, you look hither and thither for the way and you try one method or the other. You look into books and you look for a guru. Every time you have the aspiration in your mind, 'When shall I break myself from the lower limitations of life and unite with the expansion of the cosmos.' That is called the aspiration. Such a man is called aspirant or a sadhaka, who is doing sadhana.

The Inner Recess

Swami Satyananda Saraswati

Obligations are the enactments of life. You have created them. You have committed them. Now, there is a self-considered emotion that you have to fulfil them. There is a man who defecated on a bed sheet. When he went to clean it he said, "Well, I have to clean it." Why did he make it dirty? This is our concept and idea of duty and responsibility.

During moments of ignorance, we cannot think very much. I can assure you that a man can live a complete life without involving his real person. For that it is necessary that he understands what he is doing. When we play a drama, do we involve our personality there? When we play a drama, does what happens in the drama affect our real situation? The drama or comedy does not affect your person, because you know that it is a drama. At a particular point of enactment, you are fulfilling the role in the best possible way as an actor. If you have to weep you weep, if you have to laugh you do it, if you have to love you love. If you have to lament for the death of your mother, that also you do. You have to fulfil the role that you are given, but when you come out of the studio you are a different person. It was not in a dream. It was a part of an enactment. Therefore, a householder should always understand that he is playing a drama, and he should play it well. He should not be a bad actor and say in the middle of the drama, 'This is only a drama'.

At the same time, there is an inner recess in our personality. There is an area which is calm, quiet and silent. There is an area which is full and vibrating with experience. You just go there. This is the spirit of sannyasa when you begin to realize that you can play both roles at the same time. You can look after your husband, wife and children. You can go to the office, market and factory, but at the same time you can be in touch

with the inner self. From today you can say, "I am a swami," but you may forget it. You have one dhoti and one mala. Make it a point to wear it in the morning when you are meditating. You will not go with a dhoti into the office and put everybody to embarrassment. At the time of your spiritual practice, it will remind you every morning, "I am a swami. I am a swami. I am a swami."

It is a very simple logic. You can always go into the military with this dress and fight. You do not have to put one badge, or two badges, two or three stars. You can also have a machine gun, go to the battle field and fight with the same dress. The system that you follow is necessary. The moment you put the uniform, two or three stars, and a big cap, it is pretence. Courage comes, fear dies, death loses its value. You forget wife and children; you do not care what is a machine gun or a bullet. You do not know what death really means. This is the importance of a uniform. So, if the military uniform can have such a tremendous change on the fundamental functions of the human mind, what about the dress of a swami?

From time to time, some of the householders who have developed a spirit of sannyasa must live together, work together, strive together, discuss, talk and reflect together. During that period, they should simplify their requirements. They should bring down their necessities to the bare minimum. That is not making you backward, I believe. So during these periods you live a very simple life so that your mind is not dependent on the external materials. That is why the ashram life is designed the way it is.

When you live in an ashram you should look like a swami. When you go back from the ashram you should look like a gentleman, with a nice dress, cosmetics, and so on – all that is beautiful and attractive, all that is maya. Here it should be put into the suitcase because nobody is going to admire your beautiful clothes, we are used to seeing the beauty inside. In the ashram, an ugly person can be beautiful, and a beautiful person can be ugly. Even a person with a clean dress can be



dirty and a person with a dirty dress can be most clean. That is how I have visualized the life of every householder.

I tell everybody, "Go to the ashram. Live there for some time and participate in everything. Put down the patterns of life that are in the mind. Nothing to do, nothing to undo. Work in the kitchen, in the garden, anywhere you like." ■

Exhausting Samskaras

Swami Satyananda Saraswati

The mind registers every objective experience and every subjective thought, feeling and emotion that arises in the mind of an individual. Sometimes these emotions and thought currents are conscious, but mostly they are unconscious – we do not even know they exist. These registered impulses and

impressions, in the depth of the mind, become the *samskaras*, the dormant potential of man's existence. Some of them can be experienced in this life and they influence our thoughts, actions, philosophy and reactions. Success and failure, your accomplishments and expressions in life, are all controlled by these samskaras, the seeds of life.

Japa – exhausting samskaras

There is a method by which these samskaras can be exhausted. If these samskaras are not exhausted they become the *karma*, the life-force and later they become what we call our personality, the symbol of our incarnation.

When you sit down for japa or when you meditate many thoughts come to the mind. You are practising your mantra, *Om Namah Shivaya*, but at the same time thoughts and reflections of the past, anticipations of the future and worries about the present keep on hovering in your mind. What do you do then? Most of you withdraw your mind from those thoughts and bring it back to the point of concentration. That is a mistake. A person, who has not been able to identify himself with the sattwic state of mind and transcended the rajasic plane of mind, should never try to control the mind.

Chitta vritti nirodhaha – controlling the vrittis, modifications and expressions of total consciousness is the ultimate definition. Most of us do not belong to a sattwic state; either we are tamasic or rajasic. If you take it that you are rajasic, then during japa, when thoughts come to your mind, when passions assail you, you should not control them. You should observe them. You must try to witness the thoughts, experiences, passions, emotions and memories while you are continuing your own japa, maybe *Om Namah Shivaya*, or anything else.

This is one way to exhaust the karma. You exhaust the samskaras not karma. You are exhausting the samskaras, and when you are able to exhaust the samskaras they will not fructify, they will not be born, they will not be transformed in the form of karma.

Ashram – exhausting karmas

Besides this there is another way of exhausting the karma: choose a difficult way of life, do not aspire for a luxurious or comfortable life. In the ancient times, householders used to go to ashrams for a period of fifteen days to six months. They lived there like recluses. That was their training. They slept on the floor on a carpet, shaved like sannyasins and ate food once a day. They did not read newspapers, hear transistors, or meet their own kith and kin, but spent their time in what we call austere situations. The word used for this is *tapasya*. Every householder and sannyasin can do tapasya. As it is the cleanser of karma, it changes the entire personality.

Rama went to gurukul. Rama was the son of an emperor. He lived for twelve years in his guru's ashram, living a simple life, sleeping on the floor, going out to collect things for the ashram. Then when he went out of Ayodhya on the insistence of Kaikeyi, he lived in the jungle, in the forest, for fourteen years. He did not suffer, because he had been given that initial training. Although he was the son of an emperor, he lived like a sadhu, a tapasvi. He lived like a mahatma for twelve years and it was that initial training that gave so much strength to Rama to face the rigours of his exiled life.

Initiation

The third method is initiation, *diksha*. Everybody who is keen to unburden the karma should get initiated into spiritual life. I am not talking about religion, I am talking about spiritual life. Initiation into spiritual life means that you have to be initiated into a mantra and a method, *prakriya*. You practise the mantra and the prakriya every day – that is called *sadhana*. Like this, there are many ways by which you can get rid of karma.

The same thing was said by a great sannyasin, Nagarjuna, a Buddhist monk, who went to Greece to preach. There he met the King Menander of Greece. The king asked him the same question of how to exhaust karma. Nagarjuna said, 'Take a handful of wheat seeds and put them in the soil. They will grow

after a week and they will produce more wheat. You collect those seeds, sow them again; they will produce more wheat. So from one handful of wheat seeds you get a quintal, many quintals of wheat in the course of time. If you do not want that, then you should fry the seeds first before sowing them. The handful will become nil. They will not grow. That is how you have to burn the karma. A person who has burned his karma can operate in this world as a professor or businessman, an industrialist or politician, a police officer or school teacher, a husband, a father, a swami, a labourer.

One point to keep in mind is that you should not live or act by the force of karma. You must act by the force of spirit. Why are you working? Why are you living? This is the dictate of my spirit not the dictate of my karma. My karmas have not made me a swami; my spirit has made me a swami. My karmas have not made me a husband or wife. My spirit has made me – I should be what my spirit wants. If my atma and my God wants me to be a swami, I should not be an industrialist. It is the command of that higher force that a man must listen to. ■

संन्यास और वैराग्य

मनुष्य आगे की कम सोचता है, पीछे की ज्यादा। उसका भूतकाल से बहुत मजबूत सम्बन्ध रहता है। सुख-दुःख, आशा-निराशा, जन्म-मृत्यु, गरीबी-अमीरी, रोग-बीमारी, उसके दिमाग में यही ज्यादा रहता है। इसको कहते हैं राग। पन्द्रह-बीस साल पहले इतना बड़ा घर था या इतना छोटा घर था, माँ खराब थी या अच्छी थी, बहन मर गई, टी.बी. हो गया, इतने बड़े जमींदार थे, इतनी गाड़ियाँ थीं, यह जो सुख-दुःख आदमी को पहले हो चुका है, वही आदमी के दिमाग में बना रहता है और बहुत मजबूत रहता है, स्वप्न में भी आता है। राग की परिभाषा, राग की व्याख्या यही है।

वैराग्य

अगर मन को इन चीजों से हटा दो, तो उसको कहते हैं वैराग्य। वैराग्य का मतलब भूतकाल के अनुभवों की तृष्णा को हटा देना। भूतकाल सत्य नहीं है, आज सत्य है और आने वाला कल सत्य है। न प्रेम सत्य है, न घृणा, आशा और निराशा, पर आज जो है, वह सत्य है। पेट में आज दर्द हुआ, सत्य है। उसका उपचार करो। कल पेट में दर्द हुआ था, वह आज सत्य नहीं है।

राग से मुक्त होना बड़ा मुश्किल है। जो मुक्त हो गया, उसके लिए संन्यास सरल है, नहीं तो संन्यास कठिन है। संन्यास बहुत सरल भी है और बहुत कठिन भी। हर एक की मानसिकता पर अलग-अलग असर पड़ता है। बहुत-से लोगों को अपना जन्मदिन बहुत याद रहता है। उस दिन अगर किसी ने बधाई नहीं दी तो बहुत निराशा होती है। ये छोटी-छोटी चीजें संन्यास में बाधाएँ बनती हैं।

अगर दिल्ली जाना हो तो पहले रेलवे टाइम-टेबल देखना पड़ता है, या किसी से पूछना पड़ता है कि दिल्ली के लिए कौन सी गाड़ी पकड़ें, कितने बजे जाती है, क्या किराया है? यह सब जानकारी पहले चाहिए। उसी तरह अगर आदमी आध्यात्मिक मार्ग में जाना चाहता है तो उसे कुछ जानकारी भी तो होनी चाहिए न? लोग तो अपने ढंग से सोचते हैं, आध्यात्मिक मार्ग ऐसा होगा, यहाँ से कुण्डलिनी जागेगी और ऊपर चली जाएगी, पर वास्तव में आध्यात्मिक मार्ग क्या है? ऋषि-मुनियों ने आध्यात्मिक मार्ग की क्या व्याख्या की है?

हमारे यहाँ वैदिक धर्म में अध्यात्म मार्ग के बारे में बहुत चिन्तन रहा है। हर एक ने अपनी-अपनी व्याख्या दी है। गीता की व्याख्या अलग है, योग वाशिष्ठ अध्यात्म की अपने ढंग से व्याख्या करता है, उपनिषदों की अपनी अलग व्याख्या है। कुण्डलिनी योग और हठयोग की भी अलग-अलग व्याख्या है। कभी-कभी एक व्याख्या दूसरे से मेल नहीं खाती है। दिल्ली पहुँचना है, कौन-सी गाड़ी पकड़ोगे? देवघर से दिल्ली के लिए एक गाड़ी होगी, बम्बई से दूसरी, मद्रास से तीसरी। दिल्ली जाने वाली गाड़ी तुम्हारे वर्तमान स्थान पर निर्भर करती है। उसी प्रकार अध्यात्म की व्याख्या मनुष्य के जन्म के अनुसार होती है। तुम्हारा रास्ता अलग है, हमारा अलग। सब एक ही रास्ते से कैसे जा सकते हैं? किसी में सतोगुण प्रबल है तो किसी में तमोगुण, किसी में लोभ प्रबल है, तो किसी में कामना। एक ही रास्ते से कैसे जायेंगे?

पहले उपनिषदों और गीता जैसे शास्त्रों को पढ़कर देखना पड़ेगा कि कौन-सा रास्ता सही बैठता है। संन्यास रेल की पटरी है जिस पर ट्रेन चलती है। केवल संन्यासी बनने से काम नहीं चलता है, यह भी पता लगाओ कि पटरी पर कौन-सी ट्रेन जाएगी, तुम्हारे लिए कौन-सी ट्रेन उपयुक्त है। उपनिषदों पर स्वामी शिवानन्द जी और स्वामी चिन्मयानन्द जी जैसे बहुत-से महात्माओं



ने लिखा है। गीता पर तो बहुत-सी व्याख्याएँ हैं। स्वामी शिवानन्द जी, श्री अरविन्द, भक्ति वेदान्त, स्वामी चिन्मयानन्द जी, महात्मा गाँधी और विनोबा भावे जैसे मनीषियों ने गीता की व्याख्या की है। अपनी नौकरी-पेशा करते हुए जो बाकी समय मिले उसमें इन ग्रन्थों का स्वाध्याय करना। कहने का मतलब तुरन्त सब छोड़-छाड़ कर आ गए, यह गलत है।

देखा जाए तो संन्यास सबसे सरल चीज है। संन्यास का मतलब बीवी भी छोड़ो, बच्चा भी छोड़ो, यह भी छोड़ो, वह भी छोड़ो, सब छोड़ो। जबकि गृहस्थ जीवन कठिन है, यह भी जोड़ो, वह भी जोड़ो। उसमें बहुत मेहनत लगती है। मगर लोगों को जोड़ने में मजा आता है, छोड़ने में नहीं। इसलिए तुम अपनी नौकरी भी करते रहो, अध्ययन भी करते रहो, छुट्टी में आश्रम आओ और आश्रम आकर कर्मयोग करो। कर्मयोग के बिना योग सधेगा नहीं। कर्मयोग बहुत वैज्ञानिक विधि है, इससे शरीर और मन में संतुलन आता है।

छुट्टियों में आश्रम भी आना चाहिए, वहाँ सेवा भी करनी चाहिए, सत्संग भी करना चाहिए। फिर घर लौट जाना चाहिए। इसलिए नहीं कि संसार में लौटना है, बल्कि इसलिए कि संन्यास लेने वाले को जब तक संसार में अपूर्णता नहीं मालूम पड़ेगी, तब तक संन्यास सफल नहीं होगा। जब तक तुम्हें यह नहीं लगे कि संसार अच्छा नहीं है, इसमें बहुत झंझट है, बेकार में सर मारते हैं, शादी करते हैं, बच्चा पैदा करते हैं, फिर रोते हैं, तब तक संन्यास नहीं लेना। संसार में लोग पैसा कमाते हैं, फिर पैसा खर्च करते हैं, खूब खाना खाते हैं, बीमार पड़ जाते हैं, दवाई खाते हैं, रात-दिन रोते हैं। संसार में सुख है ही कितना? हर एक आदमी के पास जाकर देख लो। हम तो पिछले सत्तर साल से घूमते रहे हैं, लोगों को देखते रहे हैं। तब पता चलता है कि कितना सुख है। लोग सुख को प्राप्त करने के लिए दुःख उठाते हैं और हँसने के लिए रोते हैं। हमेशा चिन्ता करते हैं।

निर्ममता

संन्यास में केवल एक चीज है, इसमें ममता नहीं है, जबकि गृहस्थ जीवन में मुख्य चीज है ममता। मम पिता, मम माता, मम भ्राता, मम सम्पत्ति, मम प्रेमी, मम स्त्री, मम पति – सबमें में मेरा-मेरा रहता है। संन्यास में मम नहीं है। मगर संन्यासी को साथ ही विद्वान्, गुणवान और होशियार होना चाहिए। बुद्धू संन्यासी कैसा लगेगा! हनुमान जी के लिए कहते हैं न, *'विद्यावान गुणी अति चातुर।'* वे पढ़े-लिखे, गुणी और योग्य थे, बहुत अधिक बुद्धिमान थे।

जो आदमी विद्यावान होता है, योग्य होता है, बुद्धिमान होता है, वह गुरु का काम भी बहुत अच्छी तरह से करता है – *'रामचन्द्र के काज सँवारे।'*

गेरू कपड़ा पहनकर तो कोई भी संन्यासी दिखता है, पर उतना ही काफी नहीं है। समाज चाहता है कि संन्यासी का समाज के लिए कुछ योगदान हो। यह जमाना उपयोगितावाद का है। अगर समाज में तुम्हारा कोई उपयोग है, तब तो ठीक है, नहीं तो फिर तुमसे कोई मतलब नहीं। आज दुनिया में सब जगह यही है। ईसाई धर्म में कमजोरी क्यों आई? इसलिए कि जिस वक्त ईसाई धर्म शुरू हुआ, उस वक्त यूरोप गरीब था। औद्योगिक क्रांति के पहले यूरोप की हालत भी यही थी। ईसाई पादरी अस्पताल, स्कूल और अनाथालय खोलते थे, गरीबों की सेवा करते थे। वे समाज के लिए उपयोगी थे, इसलिए लोग उनको बहुत मानते थे। सेंट फ्रांसिस, सेंट ज़ेवियर, ऐसे कई लोग थे जो चर्च के आधार थे। इन लोगों की बहुत इज्जत थी।

इसी बीच इन लोगों के देश अमीर होने लगे, सरकार ने स्कूल और अस्पताल जैसी सभी संस्थाएँ अपने हाथ में ले लीं, सामाजिक कार्य अपने हाथ में ले लिया। पादरियों की भूमिका ही खत्म हो गयी। वे अब क्या अनाथालय और अस्पताल चलाएँगे, सरकार की तो अपनी योजनाएँ हैं। चर्च निरर्थक बन गया, उसकी समाज के लिए कोई आवश्यकता ही नहीं रही। इसलिए यदि संन्यासी जीवित रहना चाहते हैं तो उन्हें समाज के लिए उपयोगी होना चाहिए, नहीं तो नहीं रह सकते।

गेरू कपड़ा पहनकर, दो-चार भजन गाकर, कथा कहकर आज संन्यासी जीवित नहीं रह सकता। या तो संन्यासी को शंकराचार्य की तरह होना चाहिए, जो ज्ञान की पुनर्व्याख्या करके समझाए या विवेकानन्द जी की तरह होना चाहिए, या श्री अरविन्द की तरह होना चाहिए, या महात्मा गाँधी की तरह होना चाहिए। आज की दुनिया का यही नियम है। जो चीज काम की है वह ठीक, जो चीज काम की नहीं है, उसे फेंको। संन्यासी को समाज के लिए उपयोगी होना है, चाहे संगीत में, चाहे नृत्य, साहित्य या चिकित्सा में, कहीं भी उसे उपयोगी होना है, नहीं तो वह जीवित नहीं रहेगा। इसलिए आज समाज को नये विचार के संन्यासी की जरूरत है। पाँच हजार साल पुराना विचार आज काम नहीं करेगा। बदलते हुए समाज में संन्यासी को अपने सामाजिक नियमों को बदल कर आगे बढ़ना चाहिए।

संन्यास का त्रिविध स्वरूप

संन्यास के तीन रूप होते हैं – सम्प्रदाय, आश्रम और वृत्ति। ये तीनों अलग-अलग होते हैं। संन्यास सम्प्रदाय में चुटिया काटी, सिर मुड़ाया, मंत्र जपा, गेरू कपड़ा पहना, अब आज से तुम गृहस्थ नहीं हो, शादी-वादी की बात नहीं करना। यह सम्प्रदाय हुआ। संन्यास आश्रम में क्या है? साठ-सत्तर साल की उम्र हो गयी, बाल-बच्चे बड़े हो गए, नाती-पोते हो गए, तो कहीं आश्रम जाकर आराम से रहेंगे, गेरू कपड़े पहनेंगे। ज्यादा उम्र में तो एक ही बार खाना खाने से काम चल जाता है। एक बार खाया और भगवान का भजन किया, फिर एक दिन मर गए। यह संन्यास आश्रम है, जो प्राचीन काल में प्रचलित था।

तीसरी होती है संन्यास वृत्ति। इसमें व्यक्ति की मानसिकता संन्यास की होती है। वह शादी करे, तो भी संन्यासी, बाल-बच्चे रखे तो भी संन्यासी, यह सब नहीं भी करे तो भी संन्यासी। कोई कॉलेज में प्राचार्य है या सचिवालय में नौकरी करता है या अपनी छोटी-मोटी फैक्ट्री चलाता है, वह भी संन्यासी है अगर उसकी संन्यास वृत्ति है। प्रश्न उठता है कि संन्यास वृत्ति क्या होती है? व्यक्ति कुछ भी काम करे, किन्तु जो भी फल मिले, उसे चुपचाप स्वीकार कर ले, न रोकर, न हँसकर। *कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन* – काम करना तुम्हारा अधिकार है, करना पड़ेगा, कोई रोक नहीं सकेगा। तुम शिक्षक बनना चाहते हो, बन सकते हो, तुम फौज में जाना चाहते हो, जा सकते हो। वह









तुम्हारा अधिकार है। मगर उसका जो फल है, उस पर तुम्हारा कोई अधिकार नहीं है। तुमने बीज लगा दिया, अब पेड़ बड़ा होगा या नहीं, फल खूब लगेगा या नहीं, यह तुम्हारे हाथ में नहीं है। वह इस पर निर्भर करता है कि जमीन कैसी थी, खाद कैसी थी, पानी कैसा था और बीज कैसा था।

मनुष्य का हर एक कर्म बीज होता है, जिसका फल निर्भर करता है, काल, कर्म और स्वभाव पर। संन्यासी अपना कर्म करता है, उससे फल मिले तो उसे स्वीकार करता है, फल न मिले तो उसे भी स्वीकार करता है। कम-से-कम में अपना काम चला लेता है। वह गृहस्थ भी हो सकता है। गृहस्थ का मतलब यह नहीं कि छः-छः लड़की-लड़का पैदा कर लो। बच्चा पैदा करना लोगों का एक शौक हो गया है। पाल नहीं सकते, खिला नहीं सकते, बढ़िया पढ़ा नहीं सकते, चिकित्सा-उपचार भी नहीं करा सकते, मगर बच्चा होना ही चाहिए। संन्यासी ऐसा नहीं करेगा। अगर उसके पास साधन नहीं है तो शादी नहीं करता, क्या फर्क पड़ता है?

शादी तो मथुरा का पेड़ा है, जो खाएगा सो पछताएगा, जो नहीं खाएगा वह भी पछताएगा। शादी करो तो पछताओ, नहीं करो तो भी पछताओ। इसलिए शादी के पहले प्रश्नवाचक चिह्न लगा लो, मैं शादी करूँ या नहीं? संन्यास लेने वाले को जब कभी मन में कहीं शादी का विचार आता है, दूसरों को देख कर या अपने में कोई भावना उठती है तो उस समय मध्यम मार्ग रखना चाहिए। आसमान में सब तरह के बादल आते हैं, वासना के बादल, काम-क्रोध के बादल, आसक्ति के बादल, महत्त्वाकांक्षा के बादल, मगर आसमान में वे बादल स्थायी रहते हैं क्या? कभी ज्यादा देर तक रहते हैं, कभी नहीं। सावन-भादों में ज्यादा देर तक रहते हैं, वैशाख-ज्येष्ठ में नहीं।

